The efficiency catalyst

CIN: L72100DL1993PLC179154

**FCS/STX/2020** **6th November, 2020**

To,

The Bombay Stock Exchange Ltd.,
Corporate Relationship Department,
P J Tower, Dalal Street,
Mumbai- 400001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051

Dear Sir,

**Subject: - Intimation of Newspaper advertisement of 196th Board Meeting to be held Wednesday, 11th November, 2020**

Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Pursuant to requirement of Regulation 30 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclosed herewith the copy of newspaper advertisement with respect to Intimation of 196th Board meeting to be held on Wednesday, 11th November, 2020 and published in the following newspapers on 6th November, 2020:

1. Financial Express, New Delhi – English newspaper
2. Haribhoomi, New Delhi – Hindi newspaper

This is for your information and records.

Thanking You,

**Yours faithfully,**
For **FCS Software Solutions Limited**

**FCS Software Solutions Ltd.**

**Company Secretary**

(Harsha Sharma)
**Company Secretary**
**Membership No-** A33548

business processes · collaborative platforms · enterprise interfaces

**FCS Software Solutions Limited**
**Regd. off :** 205, 2nd Floor, Aggarwal Chamber IV, 27, Veer Sawarker Block, Vikas Marg, Shakerpur, Delhi 110 092
Tel: +91-011-42418371, www.fcsltd.com
**Corporate office:-** Plot No. 83, NSEZ, Noida Phase II, Noida-201305, Tel: 0120-4635900 Fax. 0120-4635941
Email id: investors@fcsltd.com website:- www.fcsltd.com
**Noida Office:** A-86, Sector-57, Noida-201301, India, Tel: 0120-3061100, Fax No-0120-3061111

## खबर संक्षेप

### लालू प्रसाद की जमानत पर आज होगी सुनवाई

**रांची।** चारा घोटाला मामले में सजा काट रहे लालू प्रसाद यादव की जमानत पर 6 नवंबर को सुनवाई होगी।



इसको लेकर लालू प्रसाद की ओर से हाईकोर्ट में अर्जेंट मेंशन किया गया था जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए उनकी जमानत पर सुनवाई के लिए 6 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। लालू के अधिवक्ता मंडल ने कहा कि हाई कोर्ट में उनके अर्जेंट मेंशन को स्वीकार कर लिया गया है। लालू प्रसाद की ओर से दुमका कोषागार से अवैध निकासी मामले में जमानत याचिका दाखिल की है।

### कोरोना से संक्रमित 1879 नए मरीज मिले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस के संक्रमण से ठीक होने वालों के




मुकाबले नए मरीजों की संख्या अधिक रही। 24 घंटों में 1351 लोग स्वस्थ हुए, जबकि 1,879 नए मरीज सामने आए। कोरोना की चाल में यह बदलाव करीब 50 दिन बाद आया है। लगातार नए मरीजों के सापेक्ष अधिक लोग ठीक हो रहे थे, लेकिन अब दो दिनों से यह सिलसिला टूटने के कारण एक्टिव केस भी 612 बढ़कर 23,150 हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना से उत्तर प्रदेश में 28 और लोगों की मौत हुई।

### गोरखपुर के रास्ते दो और पूजा स्पेशल ट्रेनें

**गोरखपुर।** दीपावली और छठ पर्व के बीच रेलवे बोर्ड ने गोरखपुर के रास्ते दो और पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है।



मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार एक ट्रेन कटिहार और आनंदविहार के बीच 10 से 23 नवंबर तक तथा दूसरी सहरसा और आनंदविहार के बीच 8 से 23 नवंबर तक चलाई जाएगी। सभी कोच आरक्षित होंगे।

## प्लांटकर्मी वहां से भागकर अपनी जान बचाते नजर आए

# टैंकर की टक्कर से हुई ग्रामीण की मौत के बाद भड़क गए गांव वाले, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे प्लांट को कर दिया आग के हवाले

### भारी पुलिस फोर्स ने स्थिति को नियंत्रित किया, फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

एजेंसी ▶▶ अमेठी

बाजार शुकुल के भटमऊ के एक व्यक्ति की मिलर टैंकर की टक्कर से मौत के बाद नाराज ग्रामीणों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे प्लांट पर धावा बोल दिया और उसे आग के हवाले करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। ग्रामीणों का गुस्सा देख मौजूदा प्लांटकर्मी वहां से भागकर अपनी जान बचाते नजर आए।

भटमऊ गांव में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे फेज-2 का प्लांट और कार्यालय बनाया गया है। गुरुवार की सुबह शिव बरन पैदल दूध देने पूरे बख्तावर गांव में संचालित डेरी पर गए थे, लौटते समय उसे प्लांट के मिलर टैंकर ने रौंद दिया जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने प्लांट पर धावा बोल दिया। इस दौरान सुरक्षा गार्ड ने विरोध किया तो ग्रामीण उन पर हमलावर हो गए और प्लांट को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही अमेठी डीएम अरुण कुमार, एसपी दिनेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फायर कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में बैचिंग प्लांट, लैब, स्टोर, दो पिकअप और एक बाइक जल गई। इसके अलावा तीन बोलेरो, एक बाइक, अस्थाई पेट्रोल पंप और कार्यालय को क्षतिग्रस्त कर दिया। डीएम अरुण कुमार की ओर से किसान दुर्घटना बीमा योजना से पांच लाख आर्थिक मदद का ऐलान किया और साथ ही कार्यदाई संस्था गायत्री प्रोजेक्ट की तरफ से पांच लाख रुपए मुआवजा पीड़ित परिवार को देने की बात कही है।





#### फोर्स व पीएसी बल को तैनात किया

घटना के बाद फोर्स व पीएसी बल को तैनात कर दिया गया है। इसके साथ ही भटमऊ गांव में बवाल की सूचना मिलते ही एसपी दिनेश सिंह के निर्देश पर कमरौली, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना, संग्रामपुर व शिवरतनगंज पुलिस के साथ ही एक कंपनी पीएसी मौके पर बुला ली गई। शव का अंतिम संस्कार होने तक पुलिस फोर्स की तैनाती पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के प्लांट व मृतक के गांव में की गई है। एसडीएम मुसाफिरखाना रामशंकर और सीओ मनोज कुमार यादव मौके पर कैंप कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे चरण का प्रचार समाप्त होने से पहले बिहारवासियों के नाम एक पत्र किया जारी

# बिहार के विकास संबंधित योजनाएं अटकें और भटकें नहीं इसलिए मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश की जरूरत

तीसरे चरण का प्रचार समाप्त होने से पहले बिहारवासियों के नाम एक पत्र जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के विकास को लेकर बहुत आश्वस्त हैं और इसमें कोई कमी ना आए तथा संबंधित योजनाएं अटकें और भटकें नहीं, इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार की जरूरत है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सात नवंबर को होने वाले तीसरे और आखिरी चरण के मतदान से पहले राज्य के मतदाताओं से कहा कि मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की ताकत इस दशक में बिहार को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी। मोदी ने कहा कि इस पत्र के माध्यम से वह बिहार के विकास के लिए राजग पर विश्वास और विश्वास बनाए रखने के लिए राजग के संकल्प के बारे में बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, युवा हों या बुजुर्ग, गरीब हों या किसान, हर वर्ग के लोग जिस प्रकार आशीर्वाद देने के लिए सामने आ रहे हैं, वह एक आधुनिक और नए बिहार की तस्वीर दिखाता है।

**खास बातें**

- डबल इंजन की ताकत बिहार को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी
- जनता जनार्दन के सामने आगे का विजन भी रखा



#### चुनाव का पूरा फोकस विकास पर केंद्रित

प्रधानमंत्री ने कहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए राजग की सरकार बिहार के गौरवशाली अतीत को फिर स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि बिहार चुनाव का पूरा फोकस विकास पर केंद्रित रहा। राजग की सरकार ने पिछले वर्षों में जो कार्य किए उसका हमने ना केवल रिपोर्ट कार्ड पेश किया बल्कि जनता जनार्दन के सामने आगे का विजन भी रखा। लोगों को भरोसा है कि बिहार का विकास राजग सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि अव्यवस्था और अराजकता के वातावरण में नव निर्माण असंभव होता है। उन्होंने कहा, वर्ष 2005 के बाद से बिहार में माहौल भी बदला और नव निर्माण की प्रक्रिया भी आरंभ हुई। बेहतर संसाधन और कानून का राज सामाजिक और आर्थिक संपन्नता के लिए अनिवार्य है। बिहार को यह दोनों राजग ही दे सकता है।

### लोगों के पलायन के लिए जंगलराज के युवराज जनता से माफी मांगें: नड्डा

**हायाघाट।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजद नेता तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरी देने के वादे पर पलटवार करते हुए गुरुवार को



कहा कि कोरोना काल में बिहार छोड़कर दिल्ली भागने, विस के सत्र में अनुपस्थित रहने तथा राजद के 15 वर्षों के शासनकाल में लोगों को राज्य से पलायन को मजबूर करने के लिए जंगलराज के युवराज को बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। दरभंगा के हायाघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा,जंगलराज के युवराज तेजस्वी यादव कोरोना वायरस संक्रमण की शुरुआत में बिहार के बजाय दिल्ली में थे। वह विपक्ष के नेता बनते हैं लेकिन बजट सत्र में एक भी दिन नहीं जाते थे।

### केंद्र का सहयोग, राज्य का प्रयास बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे : नीतीश

**कटिहार / पूर्णिया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि रोजगार के लिए युवाओं को राज्य से बाहर जाने से रोकने के लिए



उनकी सरकार ने नई औद्योगिक नीति तैयार की है जिसके परिणाम आने वाले दिनों में सामने आएंगे। कटिहार और पूर्णिया में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे नीतीश कुमार ने कहा, युवाओं को बिहार से बाहर न जाना पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार ने योजना बनाई और सहयोग किया है। हमने नई औद्योगिक नीति बनाई है जिससे प्रदेश में उद्योग के अनुकूल माहौल बनेगा। इसके तहत नई प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया है। अब यहीं रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार, बनाएंगे नया बिहार: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान थमने के



बाद गुरुवार को कहा कि प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनेगी और यह सरकार नए बिहार का निर्माण करेगी। उन्होंने ट्वीट किया, हो जाओ तैयार, अब महागठबंधन सरकार, आप तक पहुंचाएगी रोजगार। किसान का क़र्ज़ माफ़, बिजली बिल हाफ़। बेटियों को मुफ़्त शिक्षा और इन्साफ़, सब वर्गों की तरक्की से बाधाएं साफ़। उद्योग-व्यापार लगाएंगे, नया बिहार बनाएंगे। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान शाम थम गया।

### मामला बिकरू कांड का

## एसआईटी रिपोर्ट में 80 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कानपुर के बिकरू में आठ पुलिसकर्मियों की जघन्य हत्या मामले की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में पुलिस और मारे गए कुख्यात अपराधी विकास दुबे के बीच सांठगांठ का इशारा किया गया है और इस मामले में 80 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इसी वर्ष जुलाई माह में हुए बिकरू कांड की जांच के लिए अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के गृह विभाग को सौंप दी है। एक अधिकारी ने बताया कि एसआईटी ने करीब 3500 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। उन्होंने बताया कि, रिपोर्ट में एसआईटी ने करीब 36 अनुशंसाएं की हैं और दोषी अधिकारियों तथा 80 पुलिसकर्मियों की भूमिकाओं का विस्तार से ब्योरा दिया है।गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद सरकार कार्रवाई करेगी। एसआईटी की रिपोर्ट में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और दुबे के बीच सांठगांठ की बात कही गई है।

#### पुलिसकर्मी करते थे मुखबिरी

जांच में यह भी बात सामने आई है कि पुलिस कर्मी विकास दुबे के लिए मुखबिरी करते थे और घटना की रात विकास को मालुम था कि उसके घर पर पुलिस की छापेमारी होने वाली है। एसआईटी में भुसरेड्डी के अलावा अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) हरिराम शर्मा व पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) जे.रवींद्र गौड शामिल थे। गौरतलब है कि बिकरू गांव निवासी विकास दुबे को उसके गांव पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया था।

## पेज 01 का शेष...

### फ्लिप स्टेट कर सकते ...

जा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है लड़ाई:** ट्रंप ने कई राज्यों में वोटिंग में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। साथ ही उनकी पार्टी कुछ विषयों को लेकर अदालत का रुख कर चुकी है। इनमें विस्कॉन्सिन में रिकाउंटिंग की मांग की गई है। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि पहले वो आगे चल रहे थे, लेकिन अचानक सारे वोट जो बाइडेन के पक्ष में चले गए। ट्रंप का कहना है कि सारे मिलकर उन्हें हराने में लगे हुए हैं। जो बाइडेन ने सबसे अंत में मिशिगन और विस्कॉन्सिन में जीत हासिल की है। इन दोनों राज्यों में कुल 26 इलेक्टोरल वोट हैं। लेकिन, ट्रंप की ओर से यहां बड़े आरोप लगाए गए हैं।

### 23 दिनों तक सभी...

हमने प्राइवेट अस्पतालों में 80 प्रतिशत बेड कोविड मरीजों के लिए सुरक्षित करने के दिल्ली सरकार के आदेश पर लगी हाईकोर्ट की रोक को हटवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दी है। कोरोना के बढ़ते केस पर लगाम लगाने के लिए अब भीड़भाड़ और मार्केट एरिया में भी कोरोना की जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा, इसके लिए मोबाइल वैन तैनात करने का निर्णय लिया गया है, जहां कोई भी आकर अपनी कोविड जांच करा सकता है।

**अस्पतालों में बेड बढ़ाने का लिया फैसला:** सीएम ने गुरुवार को मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ दिल्ली में कोरोना की स्थिति और तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें सरकारी अस्पतालों में आईसीयू और ऑक्सीजन बेड जैसी बुनियादी मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली सरकार ने कोरोना के लिए आईसीयू बेड और समान्य बेड को ज्यादा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, दिल्ली सरकार ने दिल्ली के 30 प्राइवेट अस्पतालों में कोरोना मरीजों के लिए आईसीयू बेड सुरक्षित कराने के लिए सुको में कल एसएलपी दायर कर दी है। दिल्ली सरकार ने बढ़ते केस पर लगाम लगाने जांच का दायरा बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। अब सभी भीड़भाड़ वाले इलाकों और मार्केट एरिया में कोरोना की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### दिल्ली प्रदूषण के कोहरे...

आवर ऑल दिल्ली का सूचकांक 508 से घटकर 495 एक्यूआई दर्ज हुआ। लेकिन शाम को आईआईटी दिल्ली का वायु प्रदूषण सूचकांक 563 और दिल्ली विश्वविद्यालय का वायु प्रदूषण 540 दर्ज हुआ। जबकि हवाई अड्डा टी 3-481, मथुरा रोड़ 486, आया नगर 469। इन एजेंसियों के आंकड़ों के मुताबिक सोनिया विहार, जहांगीरपुरी व अलीपुर में 491, लोधी रोड का 415, आनंद विहार 478, द्वारका सें-8 में 479, आईजीआई टी3 पर 457, आईटीओ 476 दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली सरकार की एजेंसी दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) के अनुसार गुरुवार सुबह आरकेपुरम में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 451 रहा। लोधी रोड पर यह 394, आईजीआई एयरपोर्ट पर 440 और द्वारका में 456 था। सनद रहे कि सरकारी मानकों के अनुसार 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के मध्य खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी माना जाता है। एजेंसियों का कहना है कि दिल्ली में धीमी हवा व नमी का स्तर कम होने से वायु प्रदूषण का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है।

### भारत करेगा सहयोग...

के लिए भी जोर दे रहे हैं।

**2030 तक 35 फीसदी घटेगा उत्सर्जन:** भारत यूएनएफसीसी के तहत पेरिस समझौते में शामिल एक मुख्य देश है और इसकी अनुपालना कर रहा है। हम क्योटो प्रोटोकाल का भी पालन करते रहे हैं। भारत ने जलवायु परिवर्तन को लेकर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए वर्ष 2030 तक का एक लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें 2030 तक भारत के ग्रास डोमेस्टिक प्रोडेक्ट के हिसाब से कार्बन उत्सर्जन में 30 से 35 फीसदी की कमी की जाएगी। इसके अलावा अतिरिक्त वनों के साथ जंगल और हरियाली बढ़ाकर भारत ढाई से तीन मिलियन टन तक का कार्बन सिंक भी तैयार करेगा। जिससे यह पर्यावरण से लेकर समस्त मानवजाति के लिए हानिकारक कार्बनडाइआक्साइड को सोखने के अलावा कार्बन उत्सर्जन को घटाने में भी मददगार साबित होगा।

### नीतीश कुमार ने...

मेरा आखिरी चुनाव है। नीतीश कुमार पूर्णिया जिले से धमदाहा सीट पर जेडीयू उम्मी लेशी सिंह के लिए चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये चुनाव का आखिरी दिन है और मेरा ये अंतिम चुनाव है। नीतीश कुमार ने कहा कि अंत भला तो सब भला। अब बताइए वोट दीजिएगा इनको। नीतीश कुमार के इस बात से साफ संदेश है कि उन्होंने सहानुभूति बटोरने की कोशिश की है। नीतीश कुमार ने बिहार में 2 चरण के चुनाव संपन्न हो जाने के बाद यह बात कही है। तीसरे चरण में 78 सीटों पर वोटिंग है।

### कैप्टन हो गए...

दाखिल करने के बाद पीसी की थी। उसके बाद उन्होंने कहा था कि ये मेरा आखिरी चुनाव होगा। मैं प्रकाश सिंह बादल को उनके घर में हराकर रहूंगा। कैप्टन इस दांव में कामयाब भी हो गए थे।

### भारत अपनी संप्रभुता...

को करीब सात महीने का वक्त पूरा हो गया है और इसे सुलझाने के लिए शुक्रवार 6 नवंबर को दोनों देशों के शीर्ष कोर कमांडरों के बीच आठवें दौर की बैठक होने वाली है। इससे पहले कई दौर की सैन्य और असैन्य बातचीत के बाद भी एलएसी विवाद का कोई समाधान नहीं निकला है और हालात ज्यों के त्यों तनावपूर्ण ही बने हुए हैं। भारत और चीन की सेनाएं आक्रामक मुद्रा में एक दूसरे के आमने-सामने विवादित इलाकों में तैनात हैं।

### मतभेदों को विवादों का ...

ही शांति सुनिश्चित की जा सकती है। हमने क्षमता निर्माण कर इस दिशा में प्रयास किया है।

### अमेरिका, रूस से...

भारत के प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) में प्रशिक्षण ले पाएंगे। उधर हिंद प्रशांत क्षेत्र में ड्रैगन की आक्रामकता के खिलाफ हमने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा भारत ने पश्चिम में सऊदी अरब, यूएई और ओमान के साथ संबंधों को मजबूत किया है। वहीं पूर्व में इंडोनेशिया, वियतनाम और दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों को विस्तार भी दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत बीते लगभग 6 सालों से लगातार समान सोच और विचार वाले देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। पीएम ने पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया के देशों तक पहुंचने में विशेष रूचि जाहिर की है। अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी पहले के मुकाबले ज्यादा मजबूत हुई है। लेकिन रूस के साथ हमारे मजबूत पारंपरिक संबंध हैं। दोनों देशों ने अतीत में कई चुनौतियों का सामना करते हुए एक दूसरे की चिंताओं और हितों को समझा है और उन्हें महत्व दिया है।

### उजागर की पाक...

कदमों, रक्षा सुधार, सशस्त्र सेनाओं में समन्वय स्थापित करने के लिए सीडीएस की नियुक्ति और सैन्य मामलों के नए विभाग का गठन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, भविष्य में सैन्य कमांड के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए थियेटर कमांड का गठन भी किया जा सकता है। इस अवसर पर रक्षा सचिव अजय कुमार और एनडीसी के कमांडेंट एयर मार्शल डी. चौधरी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### संघ की बैठक में सेवा ...

संघ की गतिविधियों और कार्यक्रमों का लाभ भाजपा को मिलता है। इस दृष्टिकोण से यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजधानी में चल रही बैठक में आगामी दो साल की कार्ययोजना के लिए रणनीति भी तैयार की जा रही है। बैठक में कोरोना संबंधी सभी गाइडलाइंस का विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है।

### कोरोना काल में...

दिया गया ताकि वह समाज में चल रहे सेवा कार्यों को सतत आगे चलते रहें और समाज के व्यक्ति और संस्थाओं को साथ में जोड़ते हुए आगे बढ़ें।

### बाल गोकुलम के माध्यम...

संचलन का आयोजन नहीं किया गया इसके स्थान पर छोटे-छोटे समूहों में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया इसके कारण शस्त्र पूजन की परंपरा गली-मोहल्लों तक पहुंची और हर घर में शस्त्र पूजन आयोजित हुए।

**सीएम शिवराज ने की भागवत से मुलाकात:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश में कोरोना की रोकथाम के लिए उठाए गए कदम और जनता को किस तरह से राहत पहुंचाई जा रही है इसकी जानकारी शिवराज ने भागवत को दी है। इसके अलावा प्रदेश में चल रहे राजनैतिक घटनाक्रम, उपचुनाव को लेकर भी चर्चा हुई है।

### तय समय से पहले फरवरी...

अथवा फरवरी या मार्च तक यह लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहाकि अगर कोवैक्सीन फरवरी तक लोगों को उपलब्ध हो जाती है तो यह भारत निर्मित देश की पहली कोरोना वैक्सीन होगी। कोविड-19 टॉस्क फोर्स के सदस्य रजनीकांत ने बताया कि वैक्सीन का पहले एवं दूसरे चरण का परीक्षण बेहद सफल व प्रभावकारी रहा है। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित भी है। बावजूद आप तब तक शत-प्रतिशत सुनिश्चित नहीं हो सकते हैं,जब तक कि तीसरे चरण का मानव परीक्षण सफल नहीं हो जाता है। उन्होंने कहाकि अभी इसके इस्तेमाल में कुछ जोखिम हो सकता है।

## दिवाली पर तोहफा: 15 लाख अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों को बोनस की सौगात

**लखनऊ।** दीपावली के मौके पर योगी सरकार ने राज्य के 15 लाख अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बोनस की सौगात दी है। कर्मचारियों को वर्ष 2019-20 के लिए 30 दिनों के वेतन के बराबर बोनस मिलेगा। बोनस के लिए प्रति कर्मचारी 6908 रुपए की धनराशि मंजूर की गई है।

इसका 75 फीसद हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जाएगा, जबकि 25 फीसद यानी 1727 रुपए का नकद भुगतान होगा। बोनस भुगतान पर 1022.75 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्त विभाग ने गुरुवार को बोनस भुगतान के बारे में शासनादेश जारी कर दिया है।

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिन्होंने बीती 31 मार्च तक तीन वर्ष या उससे अधिक समय तक लगातार काम किया हो और हर साल कम से कम 240 दिन कार्यरत रहे हों, उन्हें भी यह सुविधा मिलेगी।

**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड**
CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी-4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
Tel: 011- 25774212
Email: rekha.srivastava2016@gmail.com
Website: www.fortuneinternational.in

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 29, 33 और 47 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 सितम्बर 2020 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के स्टैंडअलोन एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 12 नवम्बर 2020 को अप. 5.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, कम्पनी पुष्टि करती है कि कम्पनी की आंतरिक आचार संहिता के खण्ड V के अनुरूप, कम्पनी की सिक्योरिटीज में डीलिंग हेतु ट्रेडिंग विंडो कम्पनी की उक्त संहिता के तहत आने वाले पदनामित व्यक्तियों हेतु शुक्रवार, 06 नवम्बर 2020 से बृहस्पतिवार 12 नवम्बर 2020 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेगी।

निवेशक अधिक विवरण हेतु कम्पनी की वेबसाइट (www.fortuneinternational.in) तथा स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर पधार सकते हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
निवेदन भारद्वाज
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00040191
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05.11.2020

**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
(CIN No. L72100DL1993PLC179154)
पंजीकृत कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर-IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-110092

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि अन्य बातों के अलावा कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियमों 2015 के Ind-AS नियमों के अनुरूप 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और रिकॉर्ड पर लेने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 11 नवम्बर 2020 को कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में एफसीएस हाउस, प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305 (यू.पी.) में आयोजित की जानी निर्धारित है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
हस्ता/-
(हर्षा शर्मा)
कम्पनी सचिव
स्थान : नोएडा
दिनांक : 05 नवम्बर 2020

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु: 45–50** वर्ष, **रंग:** गेंहुआ, **कद:** 5'6", जिसने काली व सफेद रंग की चैकदार कमीज और खाकी रंग की हॉफ पैंट पहनी थी, जो केएम पोल नं. 19/20–18 के बीच, डाउन लाईन रेलवे ट्रैक, मुण्डका रेलवे स्टेशन के पास, दोपहर 02:00 बजे मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 11ए, दिनांक 01.11.2020 को थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-28711697. 8750871308
DP/06/Rly/2020

**गुमशुदा महिला की तलाश**



रोशिनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की नाम **रोशनी पत्नी गुड्डू निवासी विक्की का मकान, ईश्वर कालोनी, बवाना, दिल्ली**। उम्र : **25** साल, कद : **5**फीट **3**इंच, गोरा रंग, चेहरा गोल, शरीर मध्यम जिसने काले डॉट्स के साथ हल्के पीले रंग की शर्ट, हरे रंग की पैंट, चप्पल एवं काले रंग का दुपट्टा पहना है जो दिनांक 10.10.2020 को पुलिस थाना क्षेत्र बवाना, दिल्ली से लापता है।

इस संदर्भ में **DD No. 55A दिनांक : 14.10.2020** थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश करने के बावजूद भी इस महिला का पता नहीं चल सका है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना हो तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-230111334
फोन: 011-23014046
011-23015218

थानाध्यक्ष,
थाना, बवाना, दिल्ली
फोन : 011-27752534, 7065036321
DP/565/ON/20

